# आकाशवाणी गोरखपुर
## प्रादेशिक समाचार

दिनांक–30 नवम्बर 2024 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव में भाजपा और रालोद के सात नव–निर्वाचित विधायकों ने ली शपथ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बधाई देते हुए कहा– यह है प्रदेश के विकास और जनता की आस्था की जीत।
- मस्जिद सर्वेक्षण मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने सम्भल की शाही जामा मस्जिद समिति को हाईकोर्ट जाने को कहा। सर्वेक्षण आदेश के खिलाफ याचिका सूचीबद्ध होने तक स्थानीय अदालत को कार्रवाई रोकने का दिया निर्देश।
- प्रदेश के पर्यटन विभाग द्वारा महाकुंभ 2025 प्रिल्यूड का नई दिल्ली में किया गया आयोजन।
- सैयद मोदी अंतर्राष्ट्रीय बैडमिंटन चैम्पियनशिप में पीवी संधु और लक्ष्य सेन ने सेमीफाइनल में बनाई जगह। तनीषा क्रैस्टो और अश्विनी पोनप्पा की जोड़ी भी अंतिम चार में शामिल।

**********

प्रदेश की नौ विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव में विजयी हुए भाजपा और रालोद के सात नवनिर्वाचित विधायकों को कल विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने शपथ दिलाई। समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विजयी प्रत्याशियों को शुभकामनाएं देते हुए इसे प्रदेश के विकास और जनता की आस्था की जीत बताया।

इन सभी उम्मीदवारों ने जनता के विश्वास और समर्थन का धन्यवाद करते हुए अपने क्षेत्र के विकास को प्राथमिकता देने की बात कही। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री  केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी, प्रदेश के वरिष्ठ मंत्री सुरेश खन्ना सहित तमाम मंत्री और विधायक मौजूद रहे। इसके बाद भाजपा के लखनऊ स्थित प्रदेश मुख्यालय में अभिनन्दन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्यमंत्री ने कहा कि टीम भावना और एकजुटता के साथ काम करने से असंभव को भी संभव बनाया जा सकता है।

***कोई भी सफलता हमें एक नई प्रेरणा देती है आगे बढ़ने के लिये। एक नई मंजिल की तरफ आगे बढ़ने के लिये और उससे बढ़ी सफलता प्राप्त करने के लिये प्रेरित तो करती है, लेकिन असफलता भी उन कमियों की ओर हमारा ध्यान भी आकर्षित करती है। अगर ये प्रयास, असफलता के लिये चुनौती है तो उसे चुनौती के रूप में स्वीकार करके हमें आगे बढ़ना है। कोई कारण नहीं अगर हम प्रयास तो 2027 में प्रदेश में फिर से कमल खिलेगा। इसमें कोई संदेह किसी को नहीं होना चाहिये।***

**********

सर्वोच्च न्यायालय ने संभल की स्थानीय अदालत से कहा है कि वह चंदौसी में शाही जामा मस्जिद के खिलाफ मुकदमे की सुनवाई तब तक न करे, जब तक कि सर्वेक्षण आदेश के खिलाफ मस्जिद समिति की याचिका इलाहाबाद उच्च न्यायालय में सूचीबद्ध नहीं हो जाती। न्यायालय ने यह भी निर्देश दिया कि मस्जिद का सर्वेक्षण करने वाले एडवोकेट कमिश्नर की रिपोर्ट को सीलबंद लिफाफे में रखा जाए और इसे बीच में न खोला जाए। न्यायालय ने उत्तर प्रदेश सरकार से शांति और सद्भाव बनाए रखने को कहा है। और जानकारी हमारे संवाददाता से.....

***सर्वोच्च न्यायालय मस्जिद समिति द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर रहा था, जिसमें 19 नवंबर को पारित स्थानीय न्यायालय के आदेश को चुनौती दी गई है। स्थानीय न्यायालय ने एड्वोकेट कमिश्नर को मस्जिद का सर्वेक्षण करने का निर्देश दिया था। इस बीच संभल में कोर्ट कमिश्नर ने सीनियर डिवीजन न्यायालय चंदौसी में सर्वे की रिपोर्ट नहीं पेश की। कोर्ट कमिश्नर ने सर्वे रिपोर्ट पेश करने के लिए जज से 10 दिन का समय मांगा। इसको लेकर सीनियर डिवीजन न्यायालय ने सुनवाई के लिए 8 जनवरी 2025 की तारीख नियत की है। इधर संभल में जुमे की नमाज को देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। संभल में बीती 24 नवम्बर को जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान हुयी हिंसा की जांच के लिये राज्य सरकार ने न्यायिक जांच के आदेश दिये हैं। जांच के लिये इलाहाबाद हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति देवेन्द्र कुमार अरोड़ा की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय आयोग का गठन किया गया है। आयोग में सेवानिवृत्त पुलिस महानिदेशक ए.के जैन और सेवानिवृत्त अपर मुख्य सचिव अमित मोहन प्रसाद सदस्य होंगे। यह आयोग दो माह में जांच कर अपनी रिपोर्ट राज्य सरकार को सौंपेगा। सुशील चन्द्र तिवारी, आकाशवाणी समाचार, लखनऊ।***

**********

उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग की ओर से कल विश्व के सबसे बड़े आध्यात्मिक मेले महाकुंभ–दो हजार पच्चीस के प्रील्यूड का नई दिल्ली के एक निजी होटल में भव्य आयोजन किया गया।  इस दौरान केन्द्रीय पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत और प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह भी मौजूद रहे। इस कार्यक्रम का उद्देश्य महाकुंभ–2025 के आयोजन से पूर्व उसकी महत्ता, मूल्यों और तैयारियों को वैश्विक मंच तक पहुंचाना तथा संगम नगरी प्रयागराज और वहां के तीर्थ स्थलों की झलक पेश करना है। कार्यक्रम में केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों एवं संस्थानों के प्रतिनिधि, कई देशों के राजदूत, उच्चायुक्त एवं उच्चायोग के अधिकारियों के साथ–साथ विभागों के सचिव और मुख्य सचिव भी मौजूद रहे।

इस बीच महाकुम्भ में स्वच्छता और सुन्दरता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए बड़े पैमाने पर पुष्प वाटिकाएं और रंग बिरंगे पौधे क्यारियों और गमलों में लगाए जा रहे हैं। इसके लिए सात करोड़ पचपन लाख 18 हजार रुपए का बजट रखा गया है।

**********

उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ कल एक दिवसीय दौरे पर कानपुर आयेंगे। वह शहर के सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल के स्वर्ण जयंती समारोह में शामिल होंगे और उसके बाद आईआईटी कानपुर का भी दौरा करेंगे। उप राष्ट्रपति वहां छात्र–छात्राओं और शिक्षकों को संबोधित भी करेंगे।

**********

लखनऊ में सैयद मोदी इंटरनेशनल बैडमिंटन चौंपियनशिप में आज सेमीफाइनल मुकाबले खेले जाएंगे। मैच 12 बजे के बाद शुरू होंगे। कल ऐस शटर पीवी संधु और लक्ष्य सेन अपने मैच जीतकर सेमीफाइनल में पहुंच गए। संधु ने चीन के दाई वांग को 21–15, 21–17 से हराया।

वहीं, पुरुष एकल में लक्ष्य सेन और दूसरी वरीयता प्राप्त प्रियांशु राजावत भी जीत के साथ अंतिम चार में पहुंच गए। महिला युगल में दूसरी वरीयता प्राप्त त्रिशा जॉली और गायत्री गोपीचंद पी भी सेमीफाइनल में पहुंच गई हैं।

भारत की पांचवीं वरीयता प्राप्त ध्रुव कपिला और तनीषा क्रेस्टो ने अपना मिश्रित युगल मैच जीता, जबकि पिछली उपविजेता भारत की शीर्ष वरीयता प्राप्त अश्विनी पोनप्पा और तनीषा क्रेस्टो भी महिला युगल में अंतिम चार में जगह बनाने में सफल रहीं। वहीं मिक्स्ड डबल्स के क्वार्टर फाइनल में पहुंची तनिषा क्रैस्टो ने कल के प्रदर्शन पर खुशी जताई है।

***जब सेंकेंड सेट हारे थे हमने हौसला नहीं छोड़ा तब भी हिम्मत रखी हमने, हम बिल्कुल एक फ्रेश स्टार्ट से थर्ड सेट पर गये और जो–जो नेगेटिव किया हमने वहीं रेडूस किया हमने और पासिटिव पर ज्यादा फोकस किया और थोड़ा सा जयादा इंजाय करके खेलने लगे थर्ड सेट उस वजह से बहुत हेल्प किया थ्रड सेट पर।***

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण–गीडा के पैंतीसवें स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री गीडा के पचासी उद्यमियों को भूखण्ड आवंटन पत्र सौपनें के साथ ही दो सौ करोड़ रूपये की विकास परियाजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास भी करेंगे। साथ ही दो दिवसीय ट्रेड शो का शुभारम्भ करेंगे। इस ट्रेड शो में प्रदेश की कई नामी कम्पनियों के साथ ही विभिन्न जिलों के ओडीओपी उत्पादों के स्टॉल लगाये जा रहे हैं।

**********

सर्वोच्च न्यायालय ने मथुरा के श्रीकृष्ण जन्मभूमि मामले में ट्रायल कोर्ट से उच्च न्यायालय ट्रांसफर की गई 18 याचिकाओं को सुनवाई योग्य मानने के इलाहाबाद उच्च न्यायालय के फैसले को मुस्लिम पक्ष की ओर से चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई टाल दी है। चीफ जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि यह देखा जाएगा कि क्या उच्च न्यायालय की एकल पीठ के फैसले की अपील उच्च न्यायालय की बड़ी पीठ में संभव है। इस मामले में हिन्दू पक्ष ने पहले ही कैविएट दाखिल कर रखा है।

**********

राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने कहा है कि भारत अब दुनिया के सामने आने वाली चुनौतियों से निपटने के लिए आगे बढ़कर नेतृत्व कर रहा है। उन्होंने कहा कि देश सभी बहुपक्षीय मंचों पर सिर्फ भागीदार से प्रमुख हितधारक बन गया है। वह कल नई दिल्ली में आकाशवाणी द्वारा आयोजित डॉ. राजेन्द्र प्रसाद स्मृति व्याख्यान 2024 में बोल रहे थे। उपसभापति ने कहा कि डॉ. राजेंद्र प्रसाद जैसे नेताओं के आदर्शों पर चलते हुए भारत आज दुनिया भर में एक वैश्विक नेता के रूप में जाना जाता है।

इस अवसर पर आकाशवाणी की महानिदेशक प्रज्ञा पालीवाल गौड़ भी मौजूद रहीं। व्याख्यान की रिकॉर्डिंग तीन दिसंबर को डॉ. राजेंद्र प्रसाद की जयंती के अवसर पर रात साढे नौ बजे आकाशवाणी के समूचे नेटवर्क पर प्रसारित की जाएगी। इस व्याख्यान माला का आयोजन आकाशवाणी द्वारा भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की स्मृति में किया जाता है।

**********